प्रेम भाव परकासीया, सब कुछ गया बगोय ॥
भक्ति ध्यान से होत है, मन दे कीजे भाव।
परमारथ परतीति में, यह तन जाय तो जाव ॥
साहेब को घर दूर है, जैसी लंबी खजूर।
चढ़े तो चाखे प्रेम रस, गिरे तो चकना चूर ॥
पढ़पढ़के कितने मूये, पण्डित भया न कोय।
ढाई अक्षर प्रेमका, पढ़े सो पण्डित होय ॥
जब लगे मरने से डरे, तब लग प्रेमी नाँहि।
बड़ी दूर है प्रेम घर, समझ लो मन माँहि ॥
पानी मिले न आपको, औरन बखसत खीर।
आपन मन निश्चल नहीं औरन बंधावत धीर ॥
गजल—जगदीश गुण गाया नहीं,
गायक हुआ तो क्या हुआ।
पितु मात मन भाया नहीं,
लायक हुया तो क्या हुआ ॥
खाकर नमक निज सेठ का,
सेवा से जो मुँह फेरता।

चाकर नहीं वह चोर है,
खाया नमक तो क्या हुआ ॥
मात पिता की जीते जी,
जो सेवा कुछ न बन पड़ी ।
तब मूए के पीछे,
श्राद्ध औ तर्पण किया तो क्या हुआ ॥

दोहा—जिस जोबन के कारणे,
इतना करे गरूर ।
वह जीवन पल मात्र है,
अन्त धूर की धूर ॥
अन्याई राजा मिला,
जैसे पेड़ खजूर ।
प्रजाको छाया नहीं,
फल लागे अति दूर ॥
सुख दानी जग तारनी,
जापर होत सहाय ।
बड़ भागा वह जन बसे,

भवसागर तर जाय ॥
कहना था सो कह चुके
अब कुछ कहा न जाय ।
एक रहा दूजा गया,
दरिया लहर समान ॥

॥ संग्रह किया ॥
॥ जुगराज सेठिया बाल अवस्थामें ॥

॥ ३६ बोल मूर्खंरा ॥

१ विना भूख खाय सो मूरख ।

२ अजीर्णथकां खाय सो मूरख ।

३ कर्जा करके वे मुतलवी चीज खरीदे ते मूर्ख ।

४ लाभके समय आलस तथा कलहादि करे ते मूर्ख ।

५ कर्जा देती बखत इतनी बाते विचारने योग्य है हैसियत संपदा धन नफा या टोटा क्षेत्र राजाका कानून चलण संगत साख सोभा प्रकृति पक्ष संपत परिवार नियत काम करता पुरुष इत्यादिक तपास करयां विगरउधार याने कर्जा देवे ते मूर्ख ।

६ सामान्य बात करते कठिन भाषा बोले ते मूर्ख ।

७ अपणी बुद्धिका गर्व कर दुसरेकी हित शिक्षाका वचन सुनके क्रोध करे ते मूर्ख ।

८ कुलमद करि (कुलका मद करके) किसी का विनय न करे ते मूर्ख ।

९ सरीर नीरोग थकां औषध (दवा) लेवे ते मूर्ख ।

१० बुढापेमें विवाह करे सो मूर्ख ।

११ निर्बुद्धि होय बडे अधिकारकी (अधिकारी होनेकी) इच्छा करे ते मूर्ख ।

१२ अन्याय करी महत्त्व (बडपन) चाहै ते मूर्ख।

१३ अपने स्वामीकी पीठ पीछे निन्दा करे ते मूर्ख।

१४ सुखके भोगनेके समय दुख और दरिद्रताको भुल जाय ते मूर्ख।

१५ वस्तु परीक्षार्थ जहर खाय ते मूर्ख।

१६ कषायके वश आत्म घात चिंतवे ते मूर्ख।

१७ धनवानसें और पण्डितसें वाद करे ते मूर्ख।

१८ प्रमादि हो देवका आश्रय ले उद्यम न करे ते मूर्ख।

१९ पराया बल, धन, रूप, विद्या देखके हर्ष या ईर्षा करे ते मूर्ख।

२० प्रत्यक्ष दोषी मनुष्यका वखांण करे ते मूर्ख।

२१ आपणा घरका छिद्र परके अगाड़ी कहै अथवा पराया अवगुण प्रकाशे ते मूर्ख ।

२२ सत पुरुष त्यागी साधुकी संगत पायके त्याग पच्चखाण सेवा भक्ति न करे ते मूर्ख ।

२३ सुपात्रका योग मिलने पर दान नहीं देवे ते मूर्ख ।

२४ पोते कुकर्म करके दुजेके उपर दोष डाले ते मूर्ख ।

२५ स्वार्थी मनुष्यसे प्रीतिकी इच्छा रखे ते मूर्ख ।

२६ स्त्रीके भयसे याचक कुं वर्जे ते मूर्ख ।

२७ कृपणता वश अपयश उपार्जे ते मूर्ख ।

२८ धन उधार देके पाछो नहीं मांगे ते मूर्ख ।

२९ आमदानीसे अधिक खरच करे ते मूर्ख ।

३० अपणे घरका हिसाब आमदानी खरचा न देखे ते मूर्ख ।

३१ हिंसा करी धर्म माने ते मूर्ख।

३२ रोगी होय कुपथ्य करे ते मूर्ख।

३३ निर्धन और कर्जदार इनकी परीक्षा किये विगर विश्वास करे ते मूर्ख।

३४ लौकिक व्यवहार न जाणे ते मूर्ख।

३५ द्रव्य कमती होयके वडोंकी बराबरी करे ते मूर्ख।

३६ पिता, सेठ काम करे याने काम करता थकां बेटा, गुमास्ता बैठा देखे और उनकी मर्जी माफक कामकी मदद न देवै, उनकी भक्ति विनय न करे, आला टाला करे लुकता छिपता फिरे तो मूर्ख, ऐसाही बड़ेके आगे छोटा और सासुके आगे वहु जाणना।

॥ १७ बोल प्रस्ताविकका ॥

१ जो तुमकुं दुःखोंका भय होय और

सुखकी अभिलाषा होय तो धर्मरूपी कल्पवृक्ष सेवो ।

२ धर्मकी जड़ विनय और पापकी जड़ व्यसन (कुव्यसन) है, यह क्रोड ग्रंथका सार है ।

३ जिसके पास नित्य क्षमारूपी खड्ग है उसका क्रोधरूपी वैरी कुछ नहीं कर सक्ता ।

४ शोकरूपी वैरीकुं ज्यादा पास रखोगे तो तुम्हारी बुद्धि, हिम्मत और धर्म ए तीनोका जड़से नाश हो जावेगा ।

५ जैसे पुत्र विगर पालणो और वींद विगर (बिना)जान शोभती नहीं तैसे ही धर्म विगर आत्मा शोभती नहीं ।

६ जिके (जो जो) मनुष्य परस्त्रीकुं माता तथा बहनके सदृश (समान) समझता है और सर्व जीवोंकुं अपणी आत्मा समान गिणता है वह दुःखी नहीं होता यह बात शास्त्र द्वारा सिद्ध है ।

७ शास्त्रका श्रवण श्मशान (मशान) भूमि और रोग पीडा ए तीन स्थान वैराग्य उपजणेका मुख्य कारण है।

८ वेसमजका अर्थ करनेवालेकुं शास्त्र भी शस्त्रकी तरह हो जाता है।

९ बुद्धि बढ़नेका और नया तर्क उत्पन्न होणेका मुख्य कारण मनकी शुद्धि है।

१० तुमको दुःख पड़े उस वक्त चिंता त्याग कर धैर्य राखो क्युंकि चिंना कुछ दुःख हरणेकी दवाई नहीं है। चिंतासे चतुराई घटेगी और चतुराईके अभावे (नहीं रहनेसे) तप जप और नियम किसके आधार रहेंगे सम दम और समाधि किसकुं अवलम्बन करेंगे वास्ते उस वक्त धैर्य राखकर धर्म सेवण करना एहीज उत्तम है।

११ जो तुमको सब दुनियाको वशकरणा होय तो पराया औगुणमें प्रवेश न कर गुण

ग्रहण करो मीठा और हितकारी बचन बोलो और उदारता गुणकी वृद्धि करो ।

१२ अपणे हसते हसते कहते हैं कि क्या तुम्हारा हाथ टूट गया? क्या तुं अंधा हो गया? ऐसे ऐसे कटु (कड़वा) वाक्य कहकर चीकणे कर्म बांधते हैं वो जब कर्म उदय आवेंगे तब रोय रोय कर भी छूटना मुश्किल हो जायगा वास्ते वचन निकालतो वक्त खूब शोच कर बोलना क्युंकि छुरीका तथा तर-वारादि शस्त्रका घाव दवाइसे अच्छा होय जावे परंतु वचनका घाव मिलना कठिन है सो हरेक वक्त विचार पूर्वक बोलना ।

१३ सामायिक करती वखत जिसका प्रणाम स्वजनोंके उपर और परजनोंके उपर और निंदा तथा प्रशंसामें समभाव रखेगे उसी हीका सामायिक मोक्षदायक होवेगा ।

१४ जैसे राजाकी आज्ञाका भंग करणेसे

इस लोकमें मनुष्यको धन वगेरेका दंड होता है तैसें ही सर्वज्ञ भगवानकी आज्ञा भंग करने से जीवको परभवमें अनंता भवभ्रमणरूप दंड (डंड) होता है ।

१५ जो तुम, तुमारे प्रिय मित्र और सगा तथा संबंधीके साथ प्रेम रखणा चाहते हो तो जिस वखत वह क्रोध करे तब तुम क्षमा धारण करो ।

१६ जो तुमको धर्मकी जल्दी उत्पत्ति करणी होय तो शास्त्रका बहुमान करो और अछा आचरण राखो ।

१७ कडवा वचन कुमती, कृपणता और कुटिल स्वभाव ए च्यार दुर्गुण त्यागोगे तब ही निश्चय धर्मकी प्राप्ति होवेगी ।

॥ नं० १ ॥

॥ बोल शिखावणरा ॥

१ माता पिता गुरु तथा मोटा पुरुषनो विनय करवुं ।

२ क्लेशने थानके मौनपणुं धारण करवुं ।

३ इन्द्रियों सर्वथा वश राखवी ।

४ एक अक्षर शीखावानारने पण गुरु करी मानवुं ।

५ पोताना अवगुण शोधी काढवुं ।

६ महोटा पुरुष घेर (घर) आवे तो उभा थइ सन्मान देवुं ।

७ दोस्तदारी मित्राचारी पण्डितो साथे राखवी ।

८ नवांनवां शास्त्र वांचवानो अभ्यास राखवुं ।

९ जे आपणी सगी थती नथी तेनी साथे

बाइ अथवा बेहन वा माता कहीने बोलवानो रीवाज राखवुं ।

१० पुत्र पुत्रीने नानपणथीजसारी संगत राखवी सदविद्या तथा धर्मना मूलतत्व शिखाववुं ।

११ जवान अवस्थामां पांचे इन्द्रियोंने वश करवी तथा राग द्वेष विषय अने कषायादिक जीतवुं ।

१२ हुं मृत्युना मुखमां रह्यो छुं मारुं आयुष्य क्षणमात्र नथी एम जाणी धर्म आचरवुं ।

१३ सर्व वस्तुनो नाश थतो होय तो पण पोतानुं वचन (सत्त वचन) अवश्य पालवुं ।

१४ करवुं होय ते बनते प्रयत्ने ज्ञाननी अने ज्ञानीनी विनय भक्ति करवुं अने लघुनीति वडीनीति स्नान मैथुन अने भोजन करती वखते शब्द उच्चारण न करवुं ।

॥ न० २ ॥

॥ बोल शिखावणारा ॥

१ रुप क्रोध छक अंध न वहीजे ।
२ भांग तमाखुं अमल तजीजे ।
३ बुरीगार रो संग न कीजे
४ वेर बुराई कदे न लीजे ।
५ न्यात जातमें फंद न पाड़ीजे ।
६ सात कुव्यसनसुं अलगा रहीजे ।
७ चोरी जारीझूठ तजीजे ।
८ खोटा दगा रा वणज न कीजे ।
९ मोह मायामें निपट न कलिजे ।
१० अथिर संसार सुं विरक्त रहीजे ।
११ गृहस्थ धर्म बारे व्रत धारीजे ।
१२ हकमें चाल खरो जस लीजे ।
१३ निरलोभी निर्ग्रंथ गुरु कीजे ।
१४ साचा सुख मोक्षरा लीजे ।

॥ न० ३ ॥

॥ बोल शिखावणारा ॥

१ आवसग्ग करे तो पच्चक्कांण उपयोग हुवे।

२ मनमें संदेह होय सो पूंछने टाले।

३ साधर्मिकुं दोष लाग्या हुवे तो एकांत सिखामण दे।

४ सांज सवेरे व्रत पच्चाखाण चितारे (संभाले)।

५ जेसा प्राच्छित्त लागया होय तेसा दंड लेवे।

६ साधर्मिसुं चरचा करतां विचमें वाद न करे।

७ भगवंतका मार्गमें खेंचाताण नकरे।

८ पक्की (पखी) चोमासी नफो टोटो विचारे।

६ विनय सहित अक्षर पढे तथा पढावे।

१० तीर्थंकरनी आज्ञा सहित कोई सिखावण देवे तो सत्य माने ।

११ धर्मके ठिकाणे आयके संसारकी बात न करे ।

१२ धर्मी धर्मी आपसमें कलह राड़ न करे ।

१३ धर्मी धर्मके ठिकाणे छोड़के और ठिकाणे जाय नहीं ।

१४ साधर्मीकुं डिगतेकुं थिर करे ।

१५ रोगी गिलाणोको वेयावच्च करे ।

॥ न० ४ ॥

॥ बाल शिखावणारा ॥

॥ धर्मी पुरुषके योग्य ॥

१ वडोंके बीचमें न बोले ।

२ मर्मको वचन नहीं बोले ।

३ माया कपटाईरा बचन नहीं बोले ।

४ हिंसाकारक वचन छाना या उघाड़ा नहीं बोले ।

५ दुर्वचन नहीं बोले ।

६ भूंडा वचन नहीं बोले ।

७ तूंकारा देकर नहीं बोले ।

८ अणसुहातो (अणगमतो) नहीं बोले ।

९ मारकूट पड़े क्रोध नहीं करे शुभ मन वर्तावे ।

१० दुर्वचन बोले तो क्रोध न करे ।

११ कोलाहल शब्द ऊपर क्रोध न करे ।

१२ गुरुकी आज्ञामें चले आपरे छंदे नहीं चाले ।

१३, गुरुरी सेवा करतो थको गुरुरे पास रहे

१४ गुरुरी सेवा करे तेने भली प्रज्ञारो धणी भलो तपस्वी शूरवीर कहीये ।

१५ पांच इंद्रियोंके विषयपर तथा आरंभ विषे गृद्धी नहीं आणे ।

॥ नं० ५ ॥

॥ बोल शिखावनरा ॥

१ मित्रसे कपट रखणो नहीं ।

२ लोहवान स्त्रीको भी विश्वास न करनो ।

३ अन्याय मार्गसे द्रव्य पैदा न करणो ।

४ बडोंके साथे वैर करणो नहीं ।

५ नीच पुरुषके संग विवाद करणो नहीं ।

६ वैरीके ऊपर पण निर्दयी न होणो ।

७ समर्थ होकर दूसरेकी आशा भंग नहीं करणी ।

८ किसीकुं झूठो कलंक न देनो,

९ किसीकुं खराव मालूम होय ऐसो वर्त्ताव नहीं रखणो ।

१० जिस ठिकाणे दुश्मन ज्यादा होय वहां नहीं जाणो ।

११ चोरीकी चीज मोल लेणो नहीं ।

१२ कार्य तथा सत्कार विगर किसीके घर जाणो नहीं।

१३ माता पितानी आज्ञा लोपणी नहीं।

१४ सगां साथे कदापि विरोध रखणो नहीं।

१५ कपटीके आडम्बरको विश्वास न करणो।

१६ अति कष्ट पड्यां थकां भी आत्मघात करणी नहीं।

१७ हांसी करतां किसी पर क्रोध करणो नहीं।

१८ कोई क्रोधरे वश हो कर कड़वा वचन आय कर कहै तो भी न्यायमार्ग छोडणो नहीं।

१९ माता पिता गुरु सेठ स्वामी और राजा इणाका अवगुण बोलणा नहीं।

२० स्नेहराग समान दुसरो उत्कृष्टो बंधन नहीं और प्राणीकी हिंसा समान मोटा पापनहीं।

२१ माता बहन और पुत्री साथे एक आसण बेठणो नहीं।

२२ क्रोधी कृपण आलसी और व्यसनीकी संगत करणी नहीं ।

२३ धनसें बहोत प्यार होय तो भी अन्याय सुं उपार्जन करणो नहीं कारण सोनेरी छूरी कोइ पेटमें मारे नहीं ।

२४ कदापी सत्य छोडना नहीं ।

॥ नं० ६ ॥

॥ बोल शिखावणरा ॥

१ अपने किसी दूसरे पुरुषपर उपकार किया हुवे तो अपणे मुखसे उसको कभी दरसाणा नहीं बदलेमें पीछी कोई प्रकारकी ईछा न रखनी ।

२ किसी पुरुषमें कोई औगुण देखके निंदा त्याग (छोड़) जहां तक हो उसका गुण ही ग्रहण करना ।

३ पर स्त्री एकली एकांतमैं होय तो वहां न बैठना ।

४ अजाण वस्तु जिसका नाम व गुण नहीं जाणे ऐसी न खाना न खिलाना ।

५ कोई गुप्त बात अपनी या अपने ईष्ट मित्रकी या जिसको दुसरेने विश्वास जाण कर कही होवे सो कदापि जाहिर न करना ।

६ कोइ भी मनमें चिंतवी बात ओछा मनुष्यकुं मूर्खकुं स्त्रीकूं पागलकुं न कहणी ।

७ संकट आनेपर धर्म धैर्य तथा सत्य न छोडना ।

८ जिस स्थानपर क्लेश तथा पापका कारण होवे त्याग करना या वहांपर मौन रखना ।

९ जिस द्रव्य उपार्जनमें जीवकी जोखम धर्मकी हानि और इज्जतका भय होवे ऐसा कृत्य न करना ।

१० कृतघ्नी, कपटी, निर्दयी, अतिलोभी, निर्लज्ज, कुव्यसनी और मूर्ख इनके साथ प्रीति न करना ।

११ अपनी इन्द्रियां विषय रागसे हर समय वश रखणी ।

१२ अपनी शक्ति तथा लक्ष्मी बुद्धि बल विचारके कार्य करना जिसमें दूसरोंकी सहायता न लेणी पड़े ।

१३ छतें (थकां) द्रव्य कर्जा नहीं करणा ।

१४ निर्धनता अर्थात् दरिद्रतामें भी अकार्य तथा अनर्थसे धनकी इच्छा नहीं करणी ।

१५ अपने सज्जन तथा मित्रपर संकट पड़े तो अवश्य सहायता करनी ।

१६ व्रत पच्चखान लेके निर्मला पालणा ।

१७ अग्नीका ऊंडे जलका शस्त्रका सींग तथा नखवाले जानवरका विषका जोगीका कुपात्र स्त्रीका विश्वास करना नहीं इणके

नजीक रहना नहीं प्रयोजन होवे तो मध्य भावे रहणा ।

१८ दान देनेमें गुणाजनकी सेवा भक्ति करनेमें विद्या सीखनेमें धर्मकृत्य करनेमें परोपकार करनेमें आलस्य प्रमाद और कृपणता रखनी नहीं ।

१६ दुष्ट कलंकी निर्दयी लापर कुव्यसनी निर्लज्ज इत्यादिक मनुष्यके साथ मित्रता गुमास्तगीरी पांतिदारी तथा लेणा देणा वगैरहका व्यवहार करना नहीं ।

२० राजा, गुरु, माता, पिता, पंच, पंडित, इनके सामने कपट झूठ गैर अदबी करना नहीं सरलपणे सच्चा बात करना ।

२१ वल्लभ सगा से मित्र से कुटुम्बी से लेणा देणाका व्यवहार करना नहीं सुख दुःखमें सिरीहोणा भोजन, वस्त्र, आभूषणका सन्मान करणा व धर्मका उपदेश देना व सुणना ।

२२ अपने कुटुम्बके साथ विरोध करना नहीं यथायोग्य सबको राजी रखना दुःखमें साथ रहणा मिठा बचन बोलणा ।

२३ कोई सत्पुरुष अपने घरपर चला कर आवे तो आदर करना ।

२४ खोटा तोला खोटा मापा व झूठी गवाही वर्जनीय है ।

२५ मैथुन, भय, हांसी, क्रोध, लज्जा दुर्गंछा भोजनके समय वर्जनीक है ।

२६ राजा, तपस्वी, कवीश्वर, वैद्य अपणे घरका छिद्रका जाण रसोइया, मंत्रवादी और बडां पुरुषांके साथ विरोध करना नहीं ।

२७ अपने पास छती लक्ष्मी असंतोष रखना नहीं जगम लक्ष्मीका तीन भाग करना प्रथम भाग व्यापार दूसरा भाग वच्छ वखरा (घर वखरा) तीसरा भाग भंडारमें इस तरह तीन भाग करके धनका संतोष करनेसे समाधि

रहती है और अति लोभ तृष्णासे दुःख होता है।

२८ अपना पराक्रम लक्ष्मी बुद्धि पक्ष सामग्री देखे विना कोइ भी काम में विवादसे अथवा मानसे दूसरोंकी बरावरी करना नहीं।

२९ अपने इष्टके अनुकूल धर्मकृत्यका नित्य नेम अंगीकार किया हो सो हमेसा कल्प वृक्षकी तरह सेवन करना आंतरो पाड़नो नहीं।

३० कोई भी पुरुष अपणे गुणकी तथा हितकीवात सीखावन रूप कहै तो आदरसे सुनकर धारण करणा और उनका जस मानना।

३१ जिस गांवके लोगोंसे विरोध होवे तथा राजवर्गीयोंकी नाराजगी होवे तो उस गांवमें वास नहीं करना।

३२ अपनी आत्माको संसारके संयोग वियोग जन्म मरणके दुःखसे छुडानेके वास्ते मोक्ष मार्गकी खोजना करणेकी खप अवश्य करणी चाहिये ।

॥ नं० ७ ॥

॥ बोल शिखावणरा ॥

१ खोटी सलाहदे ऐसे वकीलके पास मत जावो ।

२ खोटी पक्ष मत खेंचो ।

३ मामले, मुकदमेके मार्ग मत पड़ो, जिद्द को छोड न्यायको पकड़ो जदी मोहके उदय कषाय वश काम पड़ जाय तो पंच डाल कर आपस करलो (मिटायलो) चिंता हैरानीसे बचो अटरनि (Attorney) के पास मत जावो, जावोगे तो खरचा देती वखत पछताना पड़ेगा ।

४ जिस स्थानमें (ग्राममें) चिंता दुख उपजतो होवे तथा मोह जागतो होवे उस ग्रामको छोड देना चाहिये, ज्ञान वृद्धिके स्थान (धर्म स्थान) जाइजै ।

५ न्याय मार्ग सुत्र सिद्धान्त अनुसार चले उसको मामला, मुकद्मा कभी लग नहीं सकता यह बड़ोंका कहना है सो सत्य है ।

६ पीठ पीछे कीणहीरी निन्दा न करणी जो सुणेतो वैर बंधे ।

७ क्रोधीने छेड़नो नहीं ।

८ आपरा घररा छिद्र तथा सुख दुख किणही सु न कहणो ।

९ बडांसु तथा मित्रसु विद्वानसु हेत वधाणो ।

१० पारका औगुण जाणतो हुवे तो भी किणही आगे कहना नहीं ।

११ नीच पुरुषने छेड़नो नहीं छेड़ेतो रेकारा तुंकारा बोले ।

१२ अछांयां तथा उघाड़े डील (सरीर) नगन नागा न सूईजे ।

१३ तीनकाल अशुभ बात न कीजै ।

१४ संसाररा कार्य उतावलसुं न कीजै अवसर देखीजै ।

१५ सूवतां सागारी अण सण कीजै ।

१६ बिमारी रोगचालो चलतो होवै जठे न रहीजै ।

१७ टाबरांरे वास्ते न लड़ीजै ।

१८ विन छांणया पाणी न पीजै ।

१९ सुल्या धान न खाईजै ।

२० रसका भाजन तथा चराक दीवा प्रमुख उघाड़ा न राखीजै ।

२१ घट्टी, ऊंखल चूल्हा देखकर जतनासे वापरीजै ।

२२ कर्जा देती वखत या कर्जा दियां पेहला ईतनी बात जरूर विचारनें योग है, हैसीयत संपदा-धन, पुंजी वेपार, नफा, टोटा, चेत्र, राजका कानून, चाल चलण, संगत साख सोभा संपत, परवार काम करता, प्रकृति, पच्च नियत इत्यादिक ।

२३ कुमार्ग धन खरचके न गमाईजै ।

२४ मारगमें तरूण (जवान) लुगाई रो साथ न कीजै ।

२५ वाहरे नीकलेतो गाफिल न रहीजै चोकी पेहरो दीजै ।

२६ तृषा थका घणो पाणी न पीजै ।

२७ उकड़ो घणो नहीं बैसीजै ।

२८ दिनरी घणी निन्द्रा न लीजै ।

२९ घरमें बावल रूंख न उगाईजै ।

३० आंबलीरी छांया न बैसीजै ।

३१ पाणीरो आसंगो न कीजै ।

३२ रीस करके टाबर रे माथेमें न दीजै ।

३३ पर द्रव्यकी अयोग इन्छा नहीं कीजै ।

३४ अनीतिसे धन भेला नहीं कीजै ।

३५ गुरु गमके बिना सुत्रका उपदेश देनेको तत्पर नहीं रहीजै ।

३६ सुता उठ सामायिक कीजै ।

३७ निग्रंथ साधुरो दरसण कीजै ।

३८ धर्मरी दलाली चित्तसुं कीजै ।

३६ माय बाप सासु ने दुख नहीं दीजै ।

४० वडोंसे विनय राखीजै ।

४१ पापरे काममें आगे मत धसीजै ।

४२ धर्मरे काममें आलस न कीजै ।

४३ उपगारी हुइजै, सभोंसे भलाइ कीजै ।

४४ अण परखीयारा विश्वास न कीजै ।

४५ परने पीड़ा उपजे ते न बोलीजै ।

४६ इर्या जोयां विना न चालीजै ।

४७ सुत्र सिद्धांतरो संग्रह कीजै ।

४८ निश्चय व्यवहार दोनु मानीजै ।

४९ नवां नवां शास्त्र वांचणे पढणेरो अभ्यास उद्यम राखीजै ।

५० बालकने छोटे पणेसे भली विद्या धर्म तत्व शिखाईजै ।

५१ दुःखी होवे तिणरो उपगार कीजे, उपगार करता ढील न करीजे ।

५२ रूठा ने मनाईजे ।

५३ थलीरा गांवमें वसीजे तो अग्निरो जतन कीजै ।

५४ लेखो चोखो करता ज्ञानरी बात बांचता लिखणो करता बीचमें कांइ चीज देनी नहीं कांइ बात बोलणी नहीं यदी बोले ध्यान चुकावै तो काम करता होवे उसको अणगमती लागै भूल पड़े गलती आवे फेर जैसो अवसर देखे वैसो करे ।

५५ गुरु, बडांके बीचमें नहीं बोलणो ।

५६ क्रोधकी बात, चिंताकी बात, दुखकी बात, अपणे स्वार्थकी अणागमती बात, घरका झींखणा विगेरह भोजनकी वखत या भोजन करतेको न कहणा चाहिये ।

५७ ज्ञानके उद्यम करणे वासते थोडी भी टैम निकाल लेनी ।

५८ नित्य नेम मर्यादा विधि सहित शुद्ध उपयोगसे करना ।

५९ साधु, साधवीने निर्दोष आहार चढते भावसे वेहराना ।

६० किसीका दिल मत दुखावो ।

६१ क्रोधकी वखत चुपरहणा क्षमा करणी ।

६२ अपने उपर कोई अपराध करे तब क्षमा करके अन्तः करणसे माफी देना ।

६३ जल्दी उठ कर नित्य नेम करे सो पुनवान जाणीजे, मोड़ो उठे तो भूंडो दीशे दारीद्र आवे ।

६४ चिंता से रोगऊपजे, विनाकाम गपाँ सपाँ मारनी नहीं, फजूल टैम खोनी नहीं ।

६५ सब जीवका कल्याण होवे ऐसी शुभ भावना भाणी ।

॥ सवैया ॥

राजा चंचल होय भोम पराई तके ।
पण्डित चंचल होय सभामें अमृत भखे ॥
हाथी चंचल होय सूंड फौजा में सोहे ।
घोड़ा चंचल होय मन असवारा मोहे ॥

॥ दोहा ॥

एता तो चंचल भला राजा पंडित गज तूरि ।
कवि गध कहे सुणो राव हर निश्चय चंचल नार बुरि ॥

॥ सवैया ॥

फूल घणां पण सुगंद नहीं कोण जावै उस वाड़ी में ।
थोरकी लकड़ी जीव घणां कोण लेवै उस भारीको ॥
रंग घणां पण पोत नहीं कोण लेवै उस साड़ीको ।
भरतार के कहणमें नहीं चाले धरकार है उस नारिको ॥

॥ दोहा ॥

मीठा सबसे बोलिये सुख उपजे चहुं ओर ।
वशी करण इक मंत्र है तजो बोल कठोर ॥

छपाता--गैनपाल सेठिया,
कलकत्ता ।
विक्रम संवत १९७१ वैशाख सुदी ३

॥ कुण्डलिया ॥

लीलोती छोड़ी परी लोभ छोड़ीयो नाय।
दूना तीना चौगुणा मांड्या बहियां मांय ॥
मांड्या बहियां मांय तोलता घटतो तोले।
पंसेरीमें पाव मेल दै अंगूठा रे ओले ॥
लेता देता दामकी सो सो सोगन खाय।
लीलोती छोड़ी परी लोभ छोड़ीयो नाय ॥
सुन साहाजी जीवण कहे है ऊको ऊसेर।
लेता देता पाव कों तें घाल्यो किस बिध फेर ॥
घाल्यो किस बिध फेर कसर राखी नहीं कोई।
तोबा बार हजार इसी तूं करे कमाई ॥
साहेब लेखो मांगसी देसी ऊंधो टेर।
सुण साहाजी संग्राम कहे है ऊको ऊसेर ॥

॥ कबिता ॥

रती बिन रिद्ध रती बिन सिद्ध रती बिन जोग सधै न जती को ।
रती बिन राज रती बिन पाट रती बिन मानुष लागे फीको ॥
रती बिन भाई कह्यो नहीं माने रती बिन नार गिणे ना पतीको ।
कबी गंग कहै सुण शाह अक्कबर एक रती बिन पाव रतीको ॥

बातन से देवी और देवता प्रसन्न होत ।
बातन से सिद्ध और साध पति कहलात है ॥
बातन से खान सुलतान नरेश माने ।
बातन से सेण लोक लाखों ही कमाते हैं ॥
भूत और भुजंग सब बसि होत बातन से ।
बातन से पुण्य और पाप बढ़ि जात हैं ॥
कीरती अप कीरती होती सब बातन से ।

सो मानुषके गात बीच बात करामात है ॥

गंग तरंग दरियाव बहे जिन कूप को नीर पीवो न पीवो ।

जाके हृदय हर नाम बसे जिन और को नाम लियो न लियो ॥

कर्म संजोग सुपात्र मिले जिन कुपात्र को दान दियो न दियो ।

कबी गंग कहै सुण शाह अक्कबर कपटि मित्र कियो न कियो ॥

एक को ध्यावे दूजे को रटे रस नान कटे अस लब्बर की ।

अबकी दुनियां गुनियां को ध्यावत शिर बांधत गांठ अटब्बर की ॥

जाको हरकी प्रतीत नहीं सो करत है आस अकब्बर की ।

श्रीपत एक गोपाल को ध्यावत नहीं मानत सूंक जुजब्बर की ॥

कल्पवृक्ष न पारस की परवा चिंतामणीको हम ना करिये ।

नहीं चाह हमें पट भूषणकी रस कूप मिले तो का करिये ॥

सुनि लीजिये सज्जन या जग में अपनी अपनी मत पाकर हैं ।

परवा नहीं पंख हमाउ की हम चाह की आंख के चाकर हैं ॥

तूं कुछ और बिचारत है नर तेरो बिचार धर्यो ही रहेगो ।

कोटि उपाय करे धन के हित भाग लिखो इतनो ही लहेगो ॥

भोरकी सांझ घरि पल मांझ सुं काल अचानक आन गहेगो ।

राम भज्यो न कीयो कुछ सुकृत पीछे नर पछताय रहेगो ॥

जो दस बीस पचास भये सत होय हजार तो लाख मंगेगी ।

कोटि अरब खरब असंख्य धरापति होनेकी चाह जगेगी ।

स्वर्ग पतालको राज करो तृष्णा अधकी अति आग लगेगी ।

सुन्दर एक सन्तोष बिना सठ तेरी तो भूख कभीना भगेगी ।

सुरज छीपे नहीं अदरी बदरीमें चंद छीपे नहीं बादल छाया ।

रण चढ़ीयो रजपूत छिपे नहीं प्रीत छिपे नहीं पीठ दिखायां ॥

चंचल नारी का नैन छीपे नहीं दातार छिपे नहीं घर मंगन आया ।

जोगी का भेष अनेक करो कर्म छिपे नहीं भभूत लगायां ॥

चूक जात झवरी (जौहरी) जवहार के परखबेमें ।

चूक जात चितारा कलम काम नहीं करती ॥
चूक जात बजाज नाप कपड़ेके फाड़वेमें ।
होनी बलवान अजा सिंह से न मरती है ॥
जोतिष पुरान बेद चूक जात उचारबेमें ।
मल्लाह हुसियार नाव जलहू से भरती है ॥
झूठि ना कहे उस्ताद मजा रोसके मारबेमें ।
सोच करे मूर्ख होनो हो तब टारि नाय टरती है ॥

कर्मविपाक कथाका कितनेक सामान्य कर्म बंध फलका बोल।

संग्रह करके लिखते हैं।

प्रश्नोत्तर।

१ कहो पूज्य इण जीवरे सरीरमें घणा जीवारी उत्पत्ति होवै सो कीसे पापरे उदे (उदय) सुं?

उत्तर—सुण सिष्य पूरवले भवमें घणा कच्छ मच्छरो आहार कीनो तिण पापरे उदेसुं।

२ कहो पूज्य इण जीवने भणनो गुणनो नहीं आवे सो किण पापरे उदेसुं?

उत्तर—पूर्वले भव आप भणीयो नहीं पेलेने (दूसरेने) भणतां अंतराय दीनी तिण पापरे उदेसं।

३ कहो पूज्य जीव कालो कुदरसण अशुभ वर्ण पामे सो किण पापरे उदेसुं ?

उत्तर—पूर्वले भव रूपरो अहंकार मद कीनो तिण पापरे उदेसुं ।

४ कहो पूज्य इण जीवने कुडो कलंक (आल) आवै सो किण पापरे उदेसुं ?

उत्तर—पूर्व भवे वारंवार कलह करै अठारमो पाप स्थानक वारवार सेवै तिण पापरे उदेसुं ?

५ कहो पूज्य इण जीवरो बोलीयो चालीयो सुहावे नही सो किण पापरे उदेसुं ?

उत्तर—पूर्वले भव आपरो कियो थापीयो पेलेरो कियो उथापियो तिण पापरे उदेसुं ।

६ कहो पूज्य इण जीवने शाबाशी जस मीले नहीं सो किण पापरे उदेसुं ?

उत्तर—पूर्व भव जातरो अहंकार किनो तिण पापरे उदेसुं ।

७ कहो पूज्य इण जीवने घणो क्रोध आवे सो किण पापरे उदेसुं ?

उत्तर—पूर्वले भव घणो खोभ कीनो तिण पापरे उदेसुं ।

८ कहो पूज्य इण जीवरे संसार भ्रमण मिट्यो नही सो किण पापरे उदैसुं ?

उत्तर—पूर्व भवे पोसा प्रतिकमणोमें विराधना कीनी तिण पापरे उदैसुं ।

९ कहो पज्य इण जीवने देश परदेश जावे पिण लाभ हुवे नहीं सो किण पापरे उदैसुं ?

उत्तर—पूर्वले भव पोते दान दियो नहीं पेलेने देता अंतराय दीनी तिण पापरे उदेसुं ।

१० कहो पूज्य इण जीव पांचे इंद्री हीण पाइ सो किसे पापरे उदैसुं ?

उत्तर—पूर्वले भव गाजर मूला कांदा जमिकंदरो आहार कीनो तिण पापरे उदैसुं ।

११ कहो पूज्य इण जीव पांच इंद्रिरो वियोग पायो सो किण पापरे उदैसुं ?

उत्तर—पूर्व भवे वनस्पतिनी छेदन भेदन घणी कीनी तिण पापरे उदैसुं ।

१२ कहो पुज्य इण जीवने घणी निद्रा आवे सो किण पापरे उदैसुं ?

उत्तर—पूर्व भवे दारु भांगरो नसो घणो कीनो तीव्र भावे अति मदिरा पान पीया तिण पापरे उदैसुं ।

१३ कहो पूज्य इण जीवरो शरीर निरोग नहीं रहे सो किण पापरे उदैसुं ?

उत्तर—पूर्व भवे घणा जीव मोसीया तिण पापरे उदैसुं ।

१४ कहो पूज्य आ जीव लूलो पांगलो होवै सो कीसे पापरे उदैसुं ?

उत्तर—पूर्वले भव जीवांने भागसीमे घालने कुटीया पीटीया तिण पापरे उदैसुं ।

१५ कहो पूज्य इण जीवने रोज घणो आवे सो किसे पापरे उदैसु ?

उत्तर—पूर्वले भव काची कुंपलां तोडी तिणं पापरे उदेसुं।

१६ कहो पूज्य इण जीवसुं तपस्या होवै नहीं सो किण पापरे उदै सुं ?

उत्तर—पूर्वले भव आप तपस्या किधी नहीं अने पेलेने (दुसरेने) करताने अंतराय दीनी तप जपरो मद कीनो तिण पापरे उदैसुं।

१७ कहो पूज्य इण जीवने लुगाइ बेटा घर सुहावे नहीं सो किण पापरे उदैसुं ?

उत्तर—पूर्वले भव दान शील तप भावना भावी नहीं तिण पापरे उदै सुं।

१८ कहो पूज्य इण जीवने सीख सीखावण वाहाली (अच्छी) लागे नहीं सो किण पापरे उदै सुं ?

उत्तर---पूर्व भवे आर्त्त ध्यान रुद्र ध्यान ध्यायो तिण पापरे उदै सूं ।

१९ कहो पूज्य इण जीवने भरजोबनमें दयापणो आवे नहीं सो किण पापरे उदै सुं ।

उत्तर---पूर्व भवे घणा मैला मंत्र कीना तिण पापरे उदै सुं ।

२० कहो पूज्य इण जीवने भरजोबनपणा (जवान अवस्था) में रंडापो आवे सो कोण पापरे उदय (उदै) सुं ?

उत्तर—पूर्व भवे जड़ासुं रुंख उपाड़ीया तिण पापरे उदयसुं ।

२१ कहो पूज्य इण जीवने कुटम्ब घरमें सुख देवे नहीं सो किण पापरे उदै सुं ?

उत्तर--पूर्व भवे टोगड़ा टोगड़ीने दुध छोड़ीयो नहीं अने अंतराय दीनी तिण पापरे उदै सुं ।

२२ कहो पूज्य आ जीव कांणो हुवो सो किसे पापरे उदै सुं ?

उत्तर—पूर्व भवे बोरकाचर फल फूल सूईसे बिंधीया अने माला किनी तिण पापरे उदै सुं।

२३ कहो पूज्य जीव आंधो हुवे सो किण पापरे उदै सु ?

उत्तर—पूर्वले भव दीसता जीव धानमें पीसे स्थावर क्षुद्र जीवोंको पाणीमें डवोयके मारे मच्छरको आग लगाय कर धूंवां देकर मारे तिण पापरें उदै सुं।

२४ कहो पूज्य ओ जीव दुःखीयो हुयो सो किण पापरे उदै सुं ?

उत्तर—पूर्वले भव घणी बुराई कीनी अणदिट्ठी अणसुणी वातों कीनी तिण पापरें उदै सुं।

॥ बोल कर्मविपाकरा ॥

सामान्य कर्मबंध फल कहते हैं ।

बोल प्रश्नोत्तर ।

१ प्रश्न—प्राणी निर्द्धन किस कर्मसें होवे ?

उत्तर—पराया धन हरणेसें ।

२ प्रश्न—प्राणी दरिद्री किस कर्मसें होवे ?

उत्तर—दान देतेको वर्जनेसे, दान सुपात्रने न देणेसें दया न पालनेसे ।

३ प्रश्न—प्राणी धन तो पावे परन्तु भोग नहीं सके किस कर्मसें ?

उत्तर---दान देके पछतावनेसें ।

४ प्रश्न---प्राणी अकुली-निपूतियो (अर्थात् जिस पुरुषके पुत्र पुत्री न होय) किस कर्मसे ?

उत्तर---जो वृक्ष रस्तेके ऊपर हो जिनसें अनेक पशु और मनुष्य फल फूल खावे

और छाया करके सुख पावे ऐसे वृक्षोंको कटावे तो।

५ प्रश्न—प्राणी वंध्या (स्त्री वांझड़ी) किस कर्मसे होवे?

उत्तर—गर्भ गलावे तथा गर्भ गलानेकी औषधि देवे तथा गर्भवती मुर्गीको (Hen) वध करे और फूलका अन्तर कढ़ावे तो।

६ प्रश्न—प्राणी मृत वंध्या (वांझड़ी) किस कर्मसे होवे?

उत्तर—वेंगण आदिका भूरथो करे तथा होले करे तथा कंदमूल खाय तथा मुर्गी आदिकके अंडे बच्चे मार खाय और उगती वनस्पति कुंपला तोड़े तो।

७ प्रश्न—प्राणी अधूरे गर्भ गल गल जावे सो किस कर्मसे?

उत्तर—पत्थर मार मारके वृक्षके कच्चे फल फूल पत्ते तोड़ें तथा पंखीयोंके माले तोड़े

तथा मकड़ीके जाले उतारे तो ।

८ प्रश्न—प्राणी गर्भमेंही मर मर जाय तथा योनिद्वारमें आ के मरे किस कर्मसें ?

उत्तर – महा आरंभ जीव हिंसा करे मोटा झूठ बोले, साधुको असूझतो आहार, पानी देवे तो ।

९ प्रश्न – प्राणी गूंगा किस कर्मसें होय ?

उत्तर – देवधर्मकी निंदा करे तथा निग्रंथ गुरुकी निंदा करे तथा गुरुके पुठे मुंह मचकोड़ के छिद्र देखे तो ।

१० प्रश्न – प्राणी बहरा किस कर्मसे होय ?

उत्तर – पराया भेद लेनेका लुक छिपके वात सुनने तथा निन्दा सुणानेका स्वभाव होय तो ।

११ प्रश्न – प्राणी रोगी किस कर्मसें होय ?

उत्तर – गूलर आदि फल खाय तथा चूहे पकड़नेके पिंजरे बेचे तो ।

१२ प्रश्न – प्राणी बहुत मोटी स्थूल देह पावे किस कर्मसें ?

उत्तर – शाह होके चोरी करे तथा शाहका धन चुरावे तो।

१३ प्रश्न – प्राणी कोढ़ो (कोढ़िया) किस कर्मसे होय ?

उत्तर – बनमें आग लगावे तथा सर्पको मारे तो।

१४ प्रश्न – प्राणीरे दाह ज्वर किस कर्मसें होय ?

उत्तर – ऊंट बैल गधे घोड़ेके ऊपर ज्यादा बोझ लादे तथा शीत वा गर्मीमें राखे तो।

१५ प्रश्न – प्राणी सिरसाम अर्थात् चित-भ्रम किस कर्मसें होय ?

उत्तर – ऊंची जाति व गोत्रका मान करे तथा छाने छाने अनाचार मद्यमांसादि भक्षण करके मुकरे (नटै) तो

१६ प्रश्न — प्राणीरे स्त्री पुरुष और शिष्य कुपात्र वैरी समान किस कर्मसे होय ?

उत्तर — पिछले जन्ममें उनसे निष्कारण विरोध किया होय तो ।

१७ प्रश्न — प्राणीरे पुत्र पाल्यापोसा मर जाय किस कर्मसें ?

उत्तर — धरोट मारी होय तो ।

१८ प्रश्न — प्राणीके पेटमें कोइ न कोइ रोग चला रहे (होता ही रहे) किस कर्मसे ?

उत्तर — खाय पीयके बचा खुचा असार निसार भोजन साधूको देवे तो ।

१६ प्रश्न — प्राणी बाल विधवा किस कर्मसे होय ?

उत्तर — अपने पतिका अपमान करके पर-पतिके साथ रमे तथा कुशीलनी होयके सती कहावे तो,

२० प्रश्न — प्राणी वेश्या किस कर्मसे होय ?

उत्तर — ऊत्तम कुलकी बहु बेटी विधवा हुए पीछे कुलकी लाजसे कोई अकर्त्तव्यतो न करने पावे परंतु सत्संगतके अभावसे भोगकी वांछा रखे तो।

२१ प्रश्न — प्राणीरे जो जो स्त्री व्याहे सो मरे जैसेकी पुरुषकी स्त्री न जीवे किस कर्मसे?

उत्तर — साधु कहाके स्त्री सेवे तथा त्यागी हुई वस्तुको फिर ग्रहे तथा खेतमें चरती हुइ गौ (Cow) त्रासें तो।

२२ प्रश्न — प्राणी नर्क गतिमें जाय किस कर्मसे।

उत्तर — सात कुव्यसन सेवें तो।

२३ प्रश्न-प्राणी धनाढ्य किस कर्मसे होय!

उत्तर---सुपात्रको दान देकै आनंद पावे तो

२४ प्रश्न — प्राणीने मनोवांछित भोग मिले किस कर्मसें ?

उत्तर – परोपकार करे तथा बड़ेकी टहल करे तो ।

२५ प्रश्न-प्राणी रूपवान किस कर्मसे होय ?

उत्तर – तपस्या करे तो ।

२६ प्रश्न – प्राणी स्वर्गमें किस कर्मसे जाय ?

उत्तर – क्षमा दया तप संयम करे तो ।

॥ कर्म विपाक धर्म कथारा बोल ॥

शिष्य कहे--कोई जीव आंखे जलमलो देखे ते किण कारण थी होय ?

गुरू कहे---जे पूर्वे घणा कुभावथी रूप निरख्या तेना प्रतापे,

शिष्य कहे--कुबड़ो थाय ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे एकेंद्री जीवनो चूर्ण (घात) कीधो तेना प्रतापे ॥

शिष्य कहे---खोज्यो (खोजो) होयते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे---जे पूर्व भवे बेदगिरीका काम कीधा तेना प्रतापे,

शिष्य कहे---जसकरतां अपजस पायते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे---जे पूर्वभवे सचीत द्रव्यादिकना ओखद बेखद घणा किना तेना प्रतापे,

शिष्य कहे—शरीरने विषे भगंदर रोग उपजे ते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे स्वहाते करी पंचेंद्रि जीवोंने हणाया तेना प्रतापे,

शिष्य कहे—कंठमाला रोग होय ते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे---जे पूर्वे घणा माछला मारिया तेना प्रतापे।

शिष्य कहे—शरीरनें विषे, पाथरी (पथरी)

रोग होय ते कीसा कर्मनें उदे ?

गुरू कहे---जे पूर्व भवे मैथुन घणा सेवीया तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे---हर्ष रोग होय ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे धूणी घाली घणा जीवाने सताविया तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे—संजोगना बीजोग थाय ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे माया कपटाई तथा मित्र कपटाई कृतघ्नता कीधी तेना प्रतापे ॥

शिष्य कहे--शरीरने विषे, खाज फटणी चाले ते कीसा करमने उदे ?

गुरू कहे---जे पूर्वे घणा जीव ऊपर क्रोध कीधो झूठ आल दीधा तेना प्रतापे ॥

शिष्य कहे--कोई जीव बोलीयो अनेराने सुहावे नहीं ते किसा कर्मने उदे,

गुरू कहे---जे पूर्व भव वचनकलानो अहंकार कीधो तेना प्रतापे।

शिष्य कहे—आपणे अण कीधा अपजस अपकीरत वधे ते कीसा कर्मने उदे?

गुरू कहे---जे पूर्वे स्त्री हती तेवारे सासु नणंद भोजाई देराणी जेठाणीना इरषा कीधा तेना प्रतापे॥

शिष्य कहे---पुरुषलींग छेदी स्त्रीलींग पामे ते किसा कर्मने उदे?

गुरू कहे--जे पूर्वे भव सतरमो पाप स्थानक माया मोसो सेवीयो तेना प्रतापे॥

शिष्य कहे--मन वंछित वस्तु जीव न पामे ते कीसा कर्मने उदे?

गुरू कहे---जे पूर्वे भव पंचेंद्री जीवना संयोगना बीयोग कीधा तेना प्रतापे।

शिष्य कहे---शरीर बलहीन पामे ते किसा कर्मने उदे?

गुरू कहे—जे पूर्वे भव कुकड़ा ना आहार कीधा तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे—कोई जीवने घणो हांसो आवे ते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे---जे पूर्वे भव असन्नी (असंज्ञी) पंचेंद्री जीव हणीया हणावीया तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे—कोई जीव साचो बोले अनेराने प्रतीत न ऊपजे ते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे भव कूड़ी साख भरी तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे—कोई जीवने माता भाई बहन भाणेज पुत्र कुटम्बनो वियोग थाय ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे भव कुगरु, कुदेव सेवीयो हिंसामें धर्म परूपीयो तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे---मनुष्य अवतार पांमे अने

हात पगनी आंगलीयां छेदन पांमे ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे — जे पूर्वे भव झाड रूँख आदि काटीया तेना प्रतापे।

शिष्य कहे — मीर्गी झोलो आवे ते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे — जे पूर्वे भव लुहारनी धुँमण धुमाइ तेना प्रतापे।

शिष्य कहे — घणा मनुष्य सहित पाणी मांहे नाव जहाज डुबे घणा मनुष्य एकठा डुबी मरे ते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे — जे पूर्वे भव पेसाब मांहे पेसाब कीधो तथा घणा दिन राखीने ढोलीयो तथा ताजखाना (पायखाना) मांहे उच्चारपासवन एकठा कीधा समुधानी कर्म कीधा तेना प्रतापे।

शिष्य कहे — मनुष्य मरी प्रथ्वीकाया मांहे

थोड़े आउखे ऊपजे दुःखसहे ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे – जे पूर्वे भव झूठ घणा बोलिया तेना प्रतापे

शिष्य कहे – तरुणपणे दांत पड़े माथारा केस धोला थाय ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे – जे पूर्वे भव कवली वनस्पती हाते करी चुटी चुटावी कुटी कुटावी तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे – शरीरने विषे घणा गुमड़ा थाय भरीया नींगल होय ते कीसा करमने उदे ?

गुरू कहे – जे पूर्वे भव आखा फल चीरीने लुणसु भरीया तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे – दासपणो पांमे ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे – जे पूर्वे माखण (लुणी) एकठो करी घणा दिनासु तपावीयो तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे—नासुर रोग थाय ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे भव कसाईना कर्म कीधा तेना प्रतापे।

शिष्य कहे—कोई जीव गर्भ मांहे ऊपजे पीछे जन्मतो वेला आडो आवे तेहने कापीने काढे ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे भव कसाईना हातसुँ दान लीधा होय तेना प्रतापे।

शिष्य कहे—कोई जीव गर्भ मांहे ऊपजे पछे गल तो जाय ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे भव साधुने कूड़ो आल दीधो, असूझतो आहार दीधो तेना प्रतापे।

शिष्य कहे—कोई स्त्रीने बारह बरसरो छेडो (छोड़) रहे ते कीसा कर्मने उदे।

गुरू कहे—जे पूर्वे भव घणा पेसाव एकठा

कीधा घणा काल राखीने ढोलीया जीव मरा-
वीया तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे—कोई स्त्री ने तेहीज गर्भ
चवीने फेर तेहीज छेडो (छोड़) मांहे ऊपजे पछे
चोवीस वर्ष लगे रहे ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वभव घणा मैथुन सेवीया
तीव्र भावे अने सेवन वालाने साज दीनो
साधारण कर्म कीधा तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे—कोईरे डीलरे तप रोग थाय
तथा सगलो डील बलूँ बलूँ करे ते कीसा कर्मने
उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे भव फल फूलना पाक,
मरदन करावीया तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे—स्त्री वांझ (वांध्या) हुवे तेकीसा
कर्मने उदे ?

गुरू कहे—जे पूर्वे भव फूलना अंतर करा-
वीया तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे--पुरुष एक अने स्त्रीयां घणी सर्व स्त्रीयां वांझ (वांध्या) होय ते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे – जे पूर्वे भव घणी वनस्पतिनो रस करावीयो तेना प्रतापे।

शिष्य कहे – कोई जीव चोरी करे पाकेट मारे गांठ खोले ते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे – जे पूर्वे भव घणा हलालखोरना काम कीधा तेना प्रतापे।

शिष्य कहे – कोई जीव जन्मतेपाण माता पितानो वियोगपामे ते किसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे – जेणे पूर्वे कवली वनस्पतिना अंकुर छेदीया तथा छेदन वालाने साजदीनो तथा घणा जीवांरा वियोग पाडीया तेना प्रतापे ?

शिष्य कहे--कोई जीव समदृष्टी हातसु करीने साधु मुनिराजने प्रतिलाभवानो मनोर्थ करे पिण प्रतिलाभे सके नहीं ते कीसा कर्मने उदे ?

गुरू कहे — जे पूर्वे रोसकारी कर्कश कारी मर्मकारी भाषा बोली छानी बात प्रगट किनी घणाजीवाने दाना अंतराय दिनी तेना प्रतापे ।

शिष्य कहे---कोई जीव भलीजात कुलमें जन्म पामें, पंचेन्द्रीयाना योग संयोग पुरा पड़े अने अणकिधो अणजाणीयो माथे कुड़ो आल आवे पच्छी राजा पकड़ावीने चौरंगीयो करावे पछे राज सभा मांहे वाहालो लागे जे बोले ते मानीलेवे ते किसा कर्म उदे ?

गुरु कहे---जे पूर्वे घणी अनन्तीकाय, कंद, मुल कटावीया चुरण किधा तथा गर्भ पाड़ी छानो राख्यो तथा नारकी तथा त्रियंच भव मांहे अकाम निर्जरा कीधी तेना प्रतापे ।

॥ इति कर्म कथाना बोल समास ॥

रत्नावलि के दोहे।

जो जाको गुन जानही, सो तिहि आदर देत।
कोकिल अम्बहि लेत है, काग निबोली लेत॥
विद्या धन उद्यम बिना, कहो जु पावै कौन।
बिना डुलाये ना मिलै, ज्यों पंखे की पौन॥
ओछे नर की प्रीति की, दीन्ही रीति बताय।
जैसे छीलर ताल जल, घटत घटत घटि जाय॥
रहे समीप बड़ेन के, होत बड़ो हित मेल।
सब ही जानत बढ़त है, वृच्छ बराबर बेल॥
मधुर वचन से मिटत है, उत्तम जनअभिमान।
तनक शीत जल से मिटै, जैसे दूध उफान॥
समय समुझि जो कीजिये, काम वही अभिराम।
सिन्धव मांग्यो जीमते, घोड़े को कह काम॥
स्वारथ के सबही सगे, विन स्वारथ कोई नाहिँ।
सेवैं पंछी सरस तरु, निरस भये उड़ि जाहिँ॥
पर घर कबहुँ न जाइये, गये घटत है जोत।

रविमण्डलमें जात शशि, हीन कला छवि होत ॥
एक दशा निबहै नहीं, जनि पछितावहु कोय ।
रवि हू की इक दिवस में, तीन अवस्था होय ॥
होय बुराई से बुरो, यह कीन्हो निरधार ।
खाड़ खनैगो और को, ताको कूप तयार ॥
बहुत निबल मिलि बल करैं, करैं जु चाहैं सोय ।
तृनगण की डोरी करैं, हस्ति हुँ बन्धन होय ॥
सांच झूंठ निरणय करै, नीतिनिपुण जो होय ।
राजहंस बिन को करै, क्षीर नीर को दोय ॥
कारज धीरे होत है, काहे होत अधीर ।
समय पाय तरुवर फलै, केतक सींचहु नीर ॥
जो पहिले कीजै यतन, सो पाछे फलदाय ।
आग लगे खोदे कुआ, कैसे आगबु झाय ॥
क्यों किजै ऐसो यतन, जासों काज न होय ।
परबत पै खोदै कुआ, कैसे निकसै तोय ॥
उद्यम से सब मिलत हैं, बिन उद्यम न मिलाहिँ ।
सीधी अंगुली घी जम्यो, कबहूँ निकसत नाहिँ ॥

कहिये बात प्रमाण की, जासों सुधरै काज ।
फीको थोड़े लवणसे, अधिकहि खारो नाज ॥
कहै रसीली बात सो, बिगड़ी लेत सुधार ।
सरस लवणकी दालमें, ज्यों नींबूरस डार ॥
बुद्धि विना विद्या कहो, कहा सिखावै कोय ।
प्रथम गाम ही नाहिं तो, सींव कहां से होय ॥
जाकी जेती पहुँच सो, उतनी करत प्रकाश ।
रविज्यों कैसे करि सकै, दीपक तम को नाश ॥
कारज ताही को सरै, करै जो समय निहार ।
कबहुँ न हारै खेल जो, खेलै दाव विचार ॥
सब देखैं गुण आपने, ऐब न देखै कोय ।
करै उजालो दीप पर, तले अँधेरो होय ॥
को सुख को दुख देत है, देत करम झकझोर ।
उरझै सुरझै आपही, धजा पवन के जोर ॥
भली करत लागे विलंब, विलंब न बुरे विचार ।
भवन बनावत दिन लगैं, ढाहत लगत न वार ॥
विनसत वार न लागही, ओछे नर की प्रीत ।

अम्बर डम्बर सांझ के, ज्यों बालू की भीत ॥
आपहि कहा बखानिये, भली बुरी के जोग ।
बूंठे घन की बात को, कहैं बटाऊ लोग ॥
जो कहिये सो कीजिये, पहिले करि निरधार ।
पानी पी घर पूँछनो, नाहिन भलो विचार ॥
पीछे कारज कीजिये, पहिले यतन विचार ।
बड़े कहत है बांधिये, पानी पहिले वार ॥
भले वंश सन्तति भली, कबहूँ नीच न होय ।
ज्यों कञ्चन की खान में, काँच न उपजै कोय ॥
शूर वीर के वंश में, शूर वीर सुत होय ।
ज्यों सिंहिनि के गर्भ में, हिरन न उपजै कोय ॥
हीन जानि न विरोधिये, वही होत दुखदाय ।
रज हू ठोकर मारिये, चढ़ै सीस पर आय ॥
दोष लगावत गुनिन को, जाको हृदय मलीन ।
धर्मी को दम्भी कहै, क्षमाशील बलहीन ॥
खाय न खरचै सूम धन, चोर सबै लै जाय ।
पीछे ज्यों मधुमक्षिका, हाथ घिसै पछिताय ॥

उत्तम विद्या लीजिये, जदपि नीच पै होय।
पड्यो अपावन ठौर में, कञ्चन तजत न कोय॥
धन अरु यौवन को गरब, कबहूँ करियै नांहि।
देखत ही मिट जात है, ज्यों बादर की छांहि॥
बड़े बड़े को विपति में, निश्चय लेत उवार।
ज्यों हाथी को कीच से, हाथी लेत निकार॥
सेवक सोई जानिये, रहे विपति में संग।
तन छाया ज्यों धूप में, रहे साथ इकरंग॥
बहुत द्रव्य संचय जहां, चोर राजभय होय।
कांसे ऊपर बीजुली, परत कहत सब कोय॥
ओछे नर के पेट में, रहै न मोटी बात।
आधसेर के पात्र में, कैसे सेर समात॥
काहू को हँसियै नहीं, हँसी कलह को मूल।
हांसि हँसे दोऊ भये, कौरव पाण्डु निमूल॥
प्रापति के दिन होत है, प्रापति वारंवार।
लाभ होत व्यापार में, आमन्त्रण अधिकार॥
अप्रापति के दिनन में, खर्च होत अविचार।

घर आवत हैं पाहुने, वणिज न लाभ लिगार ॥
कहैं वचन पलटैं नहीं, जे सतपुरुष सधीर।
कहत सबै हरिचन्द्र नृप, भर्यो नीच घर नीर ॥
प्यारी अनप्यारी लगै, समय पाय सब बात।
धूप सुहावत शीत में, ग्रीषम नाहिं सुहात ॥
जूवा खेले होत है, सुख सम्पति को नास।
राजकाज नल तें छुट्यो, पाण्डव किय वनवास ॥
देखा देखी करत सब, नांहिन तत्त्वविचार।
थाको यह उनमान है, भेड़ चाल संसार ॥
एक एक अक्षर पढ़े, जानै ग्रन्थ विचार।
पैंड पैंड हू चलत जो, पहुँचै कोस हजार ॥
वह सम्पति किहि काम की, जनि काहू के होय।
जाहि कमावै कष्ट करि, विलसै औरहि कोय ॥
विन कपास कपड़ो नहीं, दया बिना नहिं धर्म।
पाप नहीं हिंसा विना, बूझो एहिज मर्म ॥
धन बंछै इक अधम नर, उत्तम बंछै मान।
ते थानक सहु छंडिये, जिँह लहिये अपमान ॥

मेरा मेरा क्या करै, तेरा है नहिं कोय।
चिदानन्द परिवार का, मेला है दिन दोय॥
धर्म बधाये धन बधै, धन बध मन बधि जात।
मन बध सबही बधत है, बधत बधत बधि जात॥
धर्म घटाये धन घटै, धन घट मन घटि जात।
मन घट सब ही घटत है,
घटत घटत घटि जात॥
यह जोबन थिर ना रहै, दिन दिन छीजत जात।
चार दिन की चांदनी, फेर अँधेरी रात॥
क्रोधी लोभी कृपण नर, मानी अरु मदअन्ध।
चोर जुवारी चुगुल नर, आठों दीखत अन्ध॥
शील रतन सब से बड़ो, सब रतनन की खान।
तीन लोक की सम्पदा, रही शील में आन॥
ओछी संगति स्वान की, दोनूं बातें दुक्ख।
रूठो पकड़े पांव कूँ, तूठो चाटै मुक्ख॥
सतजन मन में ना धरैं, दुरजन जन के बोल।
पथरा मारत आम को, तउ फल देत अमोल॥

शुभतिय से संसार सुख, सुगति सुगुरु से जाण ।
शुचि मन्त्री से राज नित, सुधरै सदा सुजाण ॥
प्रायः पर की भूल को, देखे सब संसार ।
पण न विचारे निजतणी, होय जु भूल हजार ॥
गुण विन रूप न काम को, जिम रोईड़ा फूल ।
दीसंता रलियामणां, पण नहिँ पामे मूल ॥
सुख पीछे दुख आत है, दुख पीछे सुख आत
आवत जावत अनुक्रमे, ज्यूं जग में दिनरात ॥
दुष्ट व्यसन दुक्खद सदा, कदी न करबो संग ।
धन जीवन यश धर्म नो, तुरत करे छे भंग ॥
जो मति पीछे ऊपजै, सो मति पहिले होय ।
काज न बिगड़े आपनो, जग में हँसे न कोय ॥

॥ बोल ॥

प्रश्न—पापरो बाप कांई, उत्तर लोभ,
" पापरी माता कांई, " हींसा,
" पापरो भाई कांई, " क्रोध,
" पापरी बहन कांई, " माया (कपटाई),
" पापरो बेटो कांई, " मान,
" पापरी स्त्री कांई, " कुमति

॥ दोहा ॥

राजा रानी छत्र पती,
हाथिनके असवार ।
मरना सबको एक दिन,
अपनी अपनी बार ॥
दल बल देई देवता,
मात पिता परिवार ।

मरती विरियां जीवको,
कोई न राखन हार ॥
दान विना निर्धन दुःखी,
तृष्णा वश धनवान ।
कहुँ न सुख संसारमें,
सब जग देख्यो छान ॥
आलस नींद कृशाणने खोवे,
चोरने खोवे खासी ।
आनो व्याज वोरने खोवे,
त्रियाने खोवे हांसी ॥

॥ कविता ॥

सङ्गसे पुष्प को चन्द्र मिले,
अरु संगसे लोहा स्वर्ण कहावे ।
सङ्गसे पण्डित मूर्ख बने,
अरु सङ्गसे शूद्र अमरपद पावे ॥

सङ्गसे काठके लोहतरे,
तनको सत सङ्ग ही पार लगावे।
सङ्गसे सन्तको स्वर्ग मिले,
अरु सङ्ग कुसङ्गसे नरकमें जावे ॥

॥ अथ श्रावकजीरा २१ गुण ॥

१ पहले गुणे श्रावकजी धर्म करणीरे नव तत्व पचीस क्रियारा जाणकार हुवे।

२ दूजे गुणे श्रावकजी धर्म करणीरे वीषे कोईको भी साहाय्य बंछे नहीं।

३ तीजे गुणे श्रावकजी देवता मनुष्य तीर्यंचरा उपसर्ग आयासु धर्म थकी डीगे नहीं।

४ चौथे गुणे श्रावकजी अनतिथी मिथ्या-त्वीरी सोबत करे नहीं और अनतीर्थीरो कष्ट

देखने उणारा गुणग्राम करे नहीं अनतीर्थीरी प्रशंसा करे नहीं ।

५ पांचमे गुणे श्रावकजी लधी अठा गरही अठा पुछीअठा वीनछी अठा भणीया गुणीया ज्ञानको बार बार नीरणो करे आलस प्रमाद करे नहीं ।

६ छठे गुणे श्रावकजीरो हृदय धर्ममें रंगायमान जीण तरह तीलमांहे तेल दुधमांहे घृत पाषाणमांहे धातु लोलीभूत हुवे जीणतरह श्रावकजीरी हाडने हाडरी मीजी धर्ममें रंगायमान हुवे

७ सातमें गुणे श्रावकजी कुटम्ब परिवार पंचायतीमें बैठे जठे यही बात कहे के श्री वीतराग केवली भगवानरो धर्म सार है, नित्य है, सुखकारी पदार्थ है, बाकी सर्व संसार देह भोग असार है अनित्य है, दुःख सहित है, आगामी भी दुःखरो कारण है ।

८ आठमेगुणे श्रावकजी रो हृदय

फटीक रतनजीसो निर्मल हुवे कूड़ कपट केलवे नहीं दगा ठगा करे नहीं ।

९ नवमे गुणे घररा वारणा खुला राखे दान देवणमें कृपण मूंज़ी कंजूस नहीं हुवे चित्त उदार होवे ।

१० दशमे गुणे महीनेमें ६ (छव) पोसा करे।

११ इगारहमें गुणे श्रावकजी अन्तेवरमें राजारे भंडारमें तथा सेठरी दुकानमें सेठरी हवेलीमें जावे जठे प्रतीत कारीया हुवे जठे अप्रतीत हुवे उठे पाउंडो भी देवे नहीं।

१२ वारमें गुणे श्रावकजी लीधा ब्रत पचखाण नीधानरी परे जापतासुं पाले (राखे) दोष अतिचार लगावे नहीं ।

१३ तेरमे गुणे श्रावकजी मुनीराजने उलट (चढ़ते) भावसुं उदार चित्तसुं दान देवै मूंजी पणो राखे नहीं कंजूस पणो राखें नहीं उदार चित्त राखे ।

१४ चौदहमे बोले श्रावकजी तीन मनोरथ नित्य प्रति चिंतवे ॥

॥ संक्षेपमे तीन मनोरथ ॥

॥ दोहा ॥

आरंभ परिग्रह तजी करी, पंच महाव्रत धार ।
अंतसमय आलोयणा, करूं संथारो सार ॥१॥
तीन मनोर्थ ए कह्या, जो ध्यावे नीत्य मन्न ।
शक्ति सार वरते सही, पावे शिव सुख धन्न ॥२॥

१५ पनरमे गुणे श्रावकजी नित्य नित्य प्रत्ये नवो वीतराग केवली भगवानरो प्रकाशियो ज्ञान ध्यान सीखे आलस करे नहीं ।

१६ सोलहमे गुणे श्रावकजी आलस छोड़ने जो कोई पुरुष नवो धर्म पायो हुवे जीणने ज्ञान ध्यान नीर्जरा अर्थे सिखावे तन मन वचन आदि समस्त प्रकारे धर्मरो साहाय्य देवे ।

१७ सतरमें गुणे श्रावकजी धर्म रो उपदेश देवे, चार तीर्थ रा गुण ग्राम बोले ।

१८ अठारमे गुणे श्रावकजी छती शक्ति तपस्या करे गोपवे नहीं ।

१९ उगनीसमें गुणे श्रावकजी दो बखत कालो काल प्रतिक्रमणो करे ।

२० वीसमे गुणे श्रावकजी कोईसु खारा बोलें नहीं क्षणमात्र कोईसु भी वैर राखे नहीं ।

२१ इकवीसमे गुणे श्रावकजी रे सम्यक्तमें गुणवरतामें कोई भी अतिक्रमादिक दोष लागे जीणारो तुरत तुरत आलोवणा करे अने शुद्ध होवे अन्त समय आया फेरु आलोवणा नीन्दणाकर ने पण्डित मरण करे आराधक हुवे ।

इति श्रावकजीरा २१ गुणमें जो जिन
वचनासु अधिको ओछो वीपरीत
लिख्यो हुवे तीणारो मिच्छामी
दुक्कडं ।

॥ अथ पुनः प्रकार अन्तरसुं ॥

॥ श्रावकजीरा २१ गुणारा कबीत सवैया ॥

लज्जावन्त, दयावन्त, प्रशांत, प्रतीतवन्त, पर दोषके ढकैया परउपकारी है। सोम दृष्टि गुणग्राही गरीष्ठ सबीके इष्ट श्रेष्ठ पत्नी मिष्ट-वादी दीर्घ विचारी है॥ विशेषज्ञ रसज्ञ कृ-तज्ञ धर्मज्ञ न दीन नहीं अभिमानी मध्य व्यव-हारी है। ऐसे वीनित पाप क्रियासुं अनित पुनीत ऐसे श्रावक इकबीस गुणधारी है॥१॥

॥ श्लोक ॥

धन्या भारतवर्ष संभव जनाः
येऽद्यापि काले कलौ,
निस्तीर्थेश् निःकेवले निरवधौ
नश्यन्मनः पर्यवे ।
नोद्यत्सूत्र विशेष संपदि भव
दौर्गत्यः दुःखापदि,
श्री जैनेंद्र वचोनुराग वशतः
कुर्वंति धर्मोद्यमं ॥

॥ स्वकुलप्रकाश ॥

धर्मचन्दजी तत्पुत्र प्रतापचन्द अगरचन्द भैरोदान हजारीमल चिरू जेठमल पानमल लहरचन्द उदेकरण जुगराज गैनपाल चिरञ्जीव कुनणमल सेठीया ॥ श्रीकल्याणमस्तु ॥

॥ श्री ॥

॥ दोहा ॥

बोल संग्रह नाम है, कीना भवि उपकार ।
गुरु मुखसे धारजो, द्वितीय भाग सुजाण ॥
गुरु समीपे जायके, लीजो अर्थ विचार ।
भणी गुणीने सिखजो, सूत्र सिद्धान्त अनुसार ॥
भैरोदान अर्ज करे, मत कीजो कोई तांण ।
सूत्र अर्थ जाणु नहीं, जिन आज्ञा परमाण ॥
बहु ग्रंथे संचै कीयो, अल्प बुद्धि अनुसार ।
भूल चूक दृष्टि पड़े, लीजो सज्जन सुधार ॥
निवासी बीकानेर का, जैन श्वेताम्बर जाण ।
ओस वंशमें सेठिया, श्रावक भैरोदान ॥
शत उनिस गुणआशि शुक्ल पक्ष बैशाख मास ।
कलकत्ते मांहे छपा, सबहूके हित काज ॥

॥ पथ्यापथ्यका बिचार ॥

पाथ्यापथ्यके विषयमें इस चौपाईको सदा ध्यान में रखना चाहिये—

चैते गुड़ वैशाखे तेल । जेठे पन्थ अषाढ़े बेल ॥
सावन दूध न भादौं मही ।
क्वार करेला न कातिक दही ॥
अगहन जीरो पूसे धना ।
माहे मिश्री फागुन चना ॥
जो यह बारह देय बचाय ।
ता घर वैद्य कब हुँ न जाये ॥ १ ॥

महा भारत ग्रन्थमें लिखा है कि—

मद्यमांसाशनं रात्रौ, भोजनं कन्दभक्षणम् ॥
ये कुर्वन्ति वृथा तेषां, तीर्थयात्रा जपस्तपः ॥ १ ॥

अर्थात् जो पुरुष मद्य पीते हैं, मांस खाते

हैं, रात्रिमें भोजन करते हैं और कंद को खाते हैं उन की तीर्थयात्रा, जप और तप सब वृथा है ॥ १ ॥

मार्कण्डेयपुराण का वचन है कि—

अस्तंगते दिवानाथे, आपो रुधिरमुच्यते ॥
अन्नं मांससमं प्रोक्तं, मार्कण्डेयमहर्षिणा ॥१॥

अर्थात् दिवानाथ (सूर्य) के अस्त होने के पीछे जल रुधिर के सामान और अन्न मांस के समन कहा है, यह वचन मार्कण्डेय ऋषि का है ॥ १ ॥

इसी प्रकार महाभारत ग्रन्थमें पुनः कहा गया है कि—

चत्वारि नरकद्वारं, प्रथमं रात्रिभोजनम् ॥
परस्त्री गमनं चैव, सन्धानानन्तकायकम् ॥ १ ॥
ये रात्रौ सर्वदाहारं, वर्जयन्ति सुमेधसः ॥
तेषां पक्षोपवासस्य, फलं मासेन जायते ॥ २ ॥

नोदकमपि पातव्यं, रात्रावत्र युधिष्ठिर ॥
तपस्विनां विशेषेण, गृहिणां ज्ञानसम्पदाम् ॥३॥

अर्थात्—चार कार्य नरक के द्वार रूप हैं प्रथम-रात्रि में भोजन करना, दूसरा-पर-स्त्री में गमन करना, तीसरा-संधाना (आचार) खाना और चौथा-अनन्त काय अर्थात् अनन्त जीव-वाले कन्द मूल आदि वस्तुओं को खाना ॥१॥

जो बुद्धिमान् पुरुष एक महीनेतक निरन्तर रात्रिभोजनका त्याग करते हैं उनको एक पक्ष के उपवासका फल प्राप्त होता है ॥२॥

इस लिये हे युद्धिष्ठिर! ज्ञानी गृहस्थको और विशेष कर तपस्वी को रात्रि में पानी भी नहीं पीना चाहिये ॥ ३ ॥

इसी प्रकारसे सब शास्त्रोंमें रात्रिभोजनका निषेध किया है परन्तु ग्रन्थके विस्तारके भयसे अब विशेष प्रमाणोंको नहीं लिखते हैं, इस लिये बुद्धिमानोंको उचित है कि—सब प्रकारके

खाने पीनेके पदार्थों का कभी भी रात्रिमें उपयोग न करें यदि कभी वैद्य कठिन रोगादि में भी कोई दवा या खुराकको रात्रिमें उपयोग के लिये बतलावे तो भी यथा शक्य उसे रात्रिमें नहीं लेना चाहिये किन्तु सूर्य्य अस्त होनेके पहले ही ले लेना चाहिये, क्योंकि धन्य पुरुष वे ही हैं जो कि सूर्यकी साक्षीसे ही खान पान करके अपने व्रत का निर्वाह करते हैं ।

॥ चेत्य, चेइ शब्दके १०८ नाम ॥

चेत्यप्रसाद् विज्ञेय १ चेत्यहरिरुच्यते २ चेत्य चेतनानाम्स्यात् ३ चेइसुधास्मृता ४ चेतंज्ञानं समाख्यातं ५ चेइ मानस्यमानवं ६ चेत्य-यतिरुत्तमस्यात् ७ चेइमग्रउच्यते ८ चेत्यंजीव-मवाप्नोति ९ चेइ भोगस्य रंभन १० चेत्यभोग निवृतस्य ११ चेइ विनतनीचयो १२ चेत्य पूर्णिमाचन्द्र १३ चेइ गृहस्यारंभन १४ चेत्य गृहमवाछाहं १५ चेइ गृहस्यछादनं १६ चेत्य गृहस्थर्मंचापि १७ चेइच वनस्पती १८ चेत्य पर्वतेवृक्ष १९ चेइ वृक्षस्थूलयो २० चेत्य वृक्ष-सारश्च २१ चेइ चतुःकोणस्तथा २२ चेत्य विज्ञान पुरुषो २३ चेइ देहस्यउच्यते २४ चेत्य गुणज्ञोज्ञेय २५ चेइच शिवशासनं २६ चेत्य मस्तकंपूर्ण २७ चेइ अंगहीनयो २८ चेत्य अश्वामवाप्नोति २९ चेइ खर उच्यते ३० चेत्य

हस्तीविज्ञेय ३१ चेइ दूमुखीविंदूं ३२ चेइच शिवापुनः ३४ चेत्यंरंभानामोक्तं ३५ चेइ मृदंगंपुनः ३६ चेत्य सार्दूल नामस्यात् ३७ चेइच इंद्रवारणी ३८ चेत्य पुरंदर ३९ चेइ चेतनस्मृत ४० चेइ उग्रराज ४१ चेइ शास्त्र-धारणा ४२ चेत्य क्लेशहारीच ४३ चेइ गंधर्वास्त्रिय ४४ चेत्य तपस्वीनारी ४५ चेइ पात्रस्यनिर्णय ४६ चेत्य शुकनादिवार्त्ता ४७ चेइ कुमारिकाविंदू ४८ चेत्य वक्तारागस्य ४९ चेइ धातुरकुठितं ५० चेइ शांतवाणीच ५१ चेइ बृद्धावरांगणा ५२ चेत्य ब्रह्मांडमाणं ५३ चेइ मयूरप्रोच्यते ५४ चेत्य मंगलवार्त्ता च ५५ चेइ काकणीपुनः ५६ चेत्य पुत्रवतीनारी ५७ चेइ च मीनमेवच ५८ चेत्य नरेन्द्र नारी च ५९ चेइ च मृगवांनरें ६० चेत्य गुणावंती नारी ६१ चेइ च स्मरमन्दिर ६२ चेत्य वर कन्या नारी ६३ चेइच तरूणीस्तनो ६४ चेत्य सुवर्णवर्णः नरः

६५ चेइच मुकुट सागर ६६ चेत्य सुवर्ण वर्णः जटि ६७ चोइच अन्य धातुषु ६८ चोत्य चक्रवर्ती राजा ६९ चेइच तस्यस्त्रिय ७० चेत्य व्याख्यात पुरुष ७१ चेइ पुण्यवती स्त्रिय ७२ चेइ राज-मन्दिर ७३ चेत्यवराह मृगश्च ७४ चेइचयति धूर्तयो ७५ चेत्य गरुड़पन्नी च ७६ चेइच पन्न-नागणी ७७ चेत्य रक्त नेत्रस्य ७८ चेइ हीन चक्षुषि ७९ चोत्य योवन पुरुषश्च ८० चोत्य वासुकी नागं ८१ चोइ पुण्य प्रोच्यते ८२ चोत्य भाव सुधस्यात् ८३ चोइ क्षुद्र कंटिका ८४ चेत्य-द्रव्यमवाप्नोति ८५ चेइ प्रतिमास्तथा ८६ चोत्य सुभटयोर्द्धच ८७ चोइ द्विविधा क्षुधा ८८ चोत्य पूरुषोत्कृद्रश्च ८९ चेइच हारमेवच ९० चेत्य नरेंद्राभर्णं ९१ चेइ जटाजूटधारक ९२ चेत्य धर्मवार्ताच ९३ चेइ विकथापुनः ९४ चेइ चक्रवर्ती सूर्य्य ९५ चेइच श्रद्धाभ्रष्टा ९६ चेत्य राज्ञी सजनस्थानं ९७ चेइ रामस्य गर्भता ९८

चैत्य शुभवार्त्ताच ९९ चेइ इन्द्रजालकं १०० चैत्यत्यासनं प्रोक्तं १०१ चेइ पापमेवच १०२ चेइ रविरूदयकालं १०३ चैत्यंच रजनीपुन १०४ चैत्यंचन्द्र द्वितीयास्यात् १०५ चेइ लोकपालके १०६ चैत्यं रत्न अमोलकयं १०७ चेइच अनौषधिपुनः १०८ एवं सर्व चैतनानाम १०८ छे।

इति श्री अलंकरणोंदीर्घः ब्रह्माण्डे चैत्य चेइ शब्द सूरेश्वर वार्तिक वेदान्त प्रोक्तः।

शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

सेवंभंते सेवंभंते गौतम बोले सही, श्री महावीरके बचनमें कुछ सन्देह नहीं। जैसा लिखा हुआ देख्या, बांच्या या सुण्या वैसा ही अल्प बुद्धिके अनुसार लिखा है, तत्व केवली गम्य अक्षर, पद, ह्रस्व, दीर्घ, कानो, मात, मिंडी, ओछो अधिको, आगो पाछो, अशुद्ध पणे लिख्यो होय अथवा कोई तरहकी छपानेमें ज्ञानादिक की विराधना कीनी होय, जाणते अजाणते कोई दोष लाग्यो होय तो सकल श्री संघके साखसें मन बचन काया करी मिच्छामि दुक्कडं।

❀ इति छत्तीसबोल संग्रह द्वितीय भाग समाप्तम् ❀

पत्र व्यवहार नीचे लिखे हुये पतेसे करें और पता नागरी व अंग्रेजीमें साफ हरफोंमें पूरा लिखें।

पुस्तक मिलनेका पता—

बीकानेर

श्री जैन भाइयोंकी विद्यालय,

मोहल्ला—मरोटियोंका

पाठशाला अगरचन्द भैरोंदान सेठियाकी कोटड़ीमें

बीकानेर राजपुताना।

(जोधपुर-बीकानेर रेलवे)

The Jain National Seminary

SCHOOL

SETHIA BUILDINGS

MOHALLA MAROTIAN.

Bikaner Rajputana (J. B Ry)